quarters will be ready next year. At the same time—this is the answer to your question—we have designed a plan to construct a new arrivals block, an international block at Bangalore at a cost of Rs. 1300 lakhs. Approval of the Board has already been obtained. The design provides for aero-bridges. We wanted to put up areo-bridges. But we could not start the work. As I have already said, this is a defence airport. They are not agreeing to put up aero-bridges. I have already asked the Chairman, International Airports Authority of India to go to Bangalore and have some interaction and discussion with the Chairman, HAL. If they are able to provide us the facility or give us permission to go ahead with aero-bridges, we will immediately start the work. But if they do not permit us, then we will start constructing the international terminal building without aero-bridges.

MR. CHAIRMAN: Question Hour is over.

## WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

### पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उच्च न्यायालय

*44. श्री राम रतन राम: क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उच्च न्यायालय की स्थापना कब तक की जाएगी; और

(ख) जसवन्त सिंह कमेटी ने अपनी सिफारिशों में उच्च न्यायालय की स्थापना किस स्थान पर करने की सिफारिश की थी।

विधि, न्याय और कंपनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हंसराज भारद्वाज): (क) और (ख) उत्तर प्रदेश में उच्च न्यायालय का मुख्य स्थान इलाहाबाद में है और उसकी एक स्थायी न्यायपीठ लखनऊ में कार्य कर रही है। जसवंत सिंह आयोग ने उत्तर प्रदेश उच्च न्यायालय की एक स्थायी न्यायपीठ आगरा में और उसकी दो सर्किट न्यायपीठें नैनीताल और देहरादून में स्थापित किए जाने की सिफारिश की है। आयोग की विनिर्दिष्ट सिफारिशें 1986 में, उत्तर प्रदेश सरकार को, उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायमूर्तियों के परामर्श से, उनके विचार और टीका-टिप्पणियां जानने के लिए भेजी गई थीं। राज्य सरकार से अभी तक कोई विनिर्दिष्ट पूर्ण प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। अत: यह बताना संभव नहीं है कि इस विषय में कोई विनिश्चय कब तक कर लिया जाएगा।

### Failure of PSLV-D1

*45. SHRI BISHAMBHAR NATH PANDE:
SHRI V. NARAYANASAMY:

Will the PRIME MINISTER be pleased to refer to answer to Unstarred Question No. 97 given in the Rajya Sabha on the 2nd December, 1993 and state:

(a) whether it is a fact that Government have since received the report of the Failure Analysis Committee appointed to investigate into the failure of PSLV-D1 while it was tested recently; and

(b) if so, what are the recommendations of the Committee?

THE MINISTER OF STATE IN THE PRIME MINISTER'S OFFICE AND THE MINISTER OF STATE IN THE DEPTT. OF ATOMIC ENERGY AND SPACE WITH ADDITIONAL CHARGE OF THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SCIENCE & TECHNOLOGY (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): (a) Yes, Sir.

(b) The major recommendations are to rectify the software implementation error and to delay the nulling of the second stage of the PSLV by about 2.0 to 2.5 seconds. The Failure Analysis Committee has further added that there are no serious lacunae in the design of the PSLV and the deficiencies noted and the modifications suggested are quite normal for the first few developmental flights of a large complex system like PSLV.

### मध्य प्रदेश में जल आपूर्ति योजनायें

*46. श्री अजीत जोगी:
चौधरी हरि सिंह

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने केन्द्रीय सरकार की स्वीकृति हेतु कुछ जल आपूर्ति योजनायें प्रस्तुत की हैं;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है;

(ग) प्रत्येक योजना पर कितना व्यय किये जाने के संभावना है; और